## महत्वपूर्ण एवं खास

### स्वामी आत्मानंद शास.अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में रिक्त पदों पर साक्षात्कार 29 दिसम्बर को

**रायगढ़।** जिले में संचालित 9 स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के पदों पर प्रतिनियुक्ति हेतु 25 नवम्बर 2021 तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ में आवेदन मंगाए गए थे। उक्त तिथि तक जिन शिक्षकों/कर्मचारियों द्वारा आवेदन किया गया है उनका साक्षात्कार 29 दिसम्बर 2021 को पूर्वान्ह 11 बजे कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ में आयोजित की गई है। आवेदक अपने समस्त दस्तावेजों के साथ नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित हो सकते है।

### हाईकोर्ट में आज से शीतकालीन अवकाश शुरू, 3 जनवरी से होगी नियमित सुनवाई

**रायपुर/बिलासपुर (आरएनएस)।** हाईकोर्ट में आज से शीतकालीन अवकाश प्रारम्भ हो रहे हैं। अब अवकाश के बाद 3 जनवरी से ही नियमित सुनवाई होगी। मंगलवार को हाईकोर्ट की डिवीजन और सिंगल बेंचों में अंतिम कार्य दिवस होने के कारण इस वर्ष अंतिम बार अलग अलग मामलों की सुनवाई की गई। घोषित तौर पर 31 दिसंबर शुक्रवार तक छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में अवकाश रहेगा। इसके बाद शनिवार व रविवार अवकाश के कारण सोमवार 3 जनवरी से ही यहां नियमित कामकाज दोबारा शुरू होगा।

### सर्पदंश से महिला की हुई मौत

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के बांदे थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पीवी -92 धरमपुर निवासी संध्या हलदार बेचाघाट जंगल में लकड़ी के लिए गई थी। जहां पर एक जहरीले सांप ने उसे काट लेने से उसे गंभीर हालात में अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने गंभीर हालात को देखते हुए रेफर कर दिया। उपचार के दौरान सर्पदंश से ग्रसित महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### नक्सलियों ने तेलगांना के पूर्व सरपंच की हत्या कर छत्तीसगढ़ के कोत्तापल्ली में फेंका शव

**बीजापुर (आरएनएस)।** नक्सलियों ने बीती रात तेलगांना प्रदेश के वेंकटापुरम तहसील के सुरावेडू गांव के पूर्व सरपंच रमेश कोरसा की हत्या कर छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के ग्राम कोत्तापल्ली के पास शव को फेंका है। शव के साथ ही तेलगू में लिखे नक्सली पर्चा भी बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व सरपंच रमेश कोरसा को नक्सलियों ने तीन दिन पहले ही अगवा कर अपने साथ ले गए थे। नक्सलियों के द्वारा तेलगांना प्रदेश के पूर्व सरपंच की हत्या कर छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के ग्राम कोत्तापल्ली में शव को फेंके जाने से नक्सलियों के नई रणनीति के तहत एक हत्या से दोनो प्रदेश में दहशत फैलाने से जोड़कर देखा जा रहा है।

### मेटाडोर और मोटरसाइकिल में भिड़ंत, एक की मौत

**कवर्धा (आरएनएस)।** लोहारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिडोरा का मामला, अचानक मेटाडोर अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल पंजीयन क्रमांक सी जी 08 4755 से टकराई जिससे सवार पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, पति गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे तत्काल गम्भीर हालात में जिला अस्पताल रिफर किया गया ,मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम धनेस्वरी साहू,घायल युवक का नाम लोकेश साहू, राजनांदगांव के निवासी, बताये जा रहे हैं।

## चोरी की बाइक के साथ तीन युवक गिरफ्तार, घरघोड़ा से चोरी कर रायगढ़ में छिपा रखे थे बाइक

**» रिपोर्ट के कुछ घंटे बाद ही आरोपियों तक पहुंची घरघोड़ा पुलिस**



**रायगढ़।** आज दिनांक 22.12.2021 को कसैयाडीपा घरघोड़ा निवासी फकीरदास वैष्णव पिता रामदास वैष्णव (38 साल) थाना घरघोड़ा आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका पुत्र दिनांक 10.12.2021 को घर की मोटर सायकल एच.एफ. डिलक्स सीजी-13 यु.एच.-5398 को लेकर शासकीय हाई स्कूल घरघोड़ा गया था , जहां स्कूल ग्राउंड पर खड़ी बाइक कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। फकीरदास वैष्णव अपने स्तर पर अपने चोरी गये बाइक की पतासाजी कर रहे थे, नहीं मिलने पर थाना घरघोड़ा जाकर रिपोर्ट दर्ज कराये, रिपोर्ट पर अप.क्र. 416/2021 धारा 379 भा.द.वि. अज्ञात आरोपी पर कायम किया गया। थाना प्रभारी अमित सिंह द्वारा अपने मुखबिरों से इस प्रकार बाइक चोरी में लिप्त एवं कसैयाडीपा की ओर घूमने-फिरने वाले संदिग्ध प्रवृत्ति के व्यक्तियों की जानकारी ली गई जिस पर थाना प्रभारी के सक्रिय मुखबिर द्वारा संदेही जीवन परस्ते पिता वासुदेव सिदार उम्र 30 साल निवासी नावापारा घरघोड़ा को बाइक चोरी में होने का संदेह कर सूचना दिया। थाने से स्टाफ जीवन परस्ते को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ करने पर जीवन अपने साथी धनी सिदार और जगदीश यादव के साथ बाइक की चोरी करना बताया। दोनों आरोपी धनी सिदार पिता मिट्ठू लाल सिदार उम्र 29 साल निवासी अमलीभौना रायगढ़ एवं जगदीश यादव पिता सुखीराम यादव उम्र 27 वर्ष निवासी झापपारा घरघोड़ा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर तीनों बाइक चोरी कर धनी सिदार के घर में छिपा रखना बताये जिनके मेमोरेंडम पर एच.एफ. डिलक्स सीजी-13 यु.एच.-5398 बाइक कीमती 50,000 रूपये की बरामदगी कर जप्ती की गई है। इस प्रकार बाइक चोरी के रिपोर्ट के मात्र 05 घंटे की भीतर आरोपी जीवन परस्ते से चोरी गई वाहन जप्त कर अन्य दो आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार कर तीनों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। संपूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक अमित सिंह थाना प्रभारी घरघोड़ा, सहायक उपनिरीक्षक चंदनसिंह नेताम, आरक्षक नंदु पैंकरा, नरेन्द्र पैंकरा, बीरबल भगत की विशेष भूमिका रही है।

## ओमिक्रॉन के खतरे को देखते हुए प्रदेश में कोविड-19 वार-रूम शुरू



**» कोरोना की स्थिति की लगातार की जाएगी निगरानी, आवश्यक सलाह एवं मार्गदर्शन के लिए 0771-2235091 पर कर सकते हैं फोन**

**रायपुर (आरएनएस)।** स्वास्थ्य विभाग ने 'ओमिक्रॉन' के खतरे को देखते हुए प्रदेश में कोविड-19 वार-रूम सक्रिय कर दिया है। विभागीय प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला के निर्देश पर नवा रायपुर में इंद्रावती भवन स्थित स्वास्थ्य सेवाओं के संचालनालय में कोविड-19 वार-रूम ने आज से काम करना शुरू कर दिया है। यहां से प्रदेश भर में कोरोना की स्थिति की लगातार निगरानी और समीक्षा की जाएगी। किसी भी तरह की सलाह और मार्गदर्शन के लिए कार्यालयीन समय में फोन नंबर 0771-2235091 पर फोन किया जा सकता है। आईडीएसपी के नोडल अधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र गहवई को कोविड-19 वार-रूम का प्रभारी बनाया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा देश में 'ओमिक्रॉन' के बढ़ते मामलों के मद्देनजर भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के मुताबिक सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को जरूरी निर्देश जारी किए गए हैं।

## चिटफंड कंपनियों के निवेशकों को जल्द एक करोड़ और वापस मिलेंगे

**» राजनांदगांव जिले में अब तक 11 करोड़ 22 लाख लौटाए जा चुके हैं**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार राजनांदगांव जिले में चिटफंड कंपनियों के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए निवेशकों को निवेश की राशि लौटाई जा रही है। इसी क्रम में कुछ और कंपनियों पर हुई कार्यवाही से प्राप्त 01 करोड़ रुपये निवेशकों को शीघ्र लौटाए जाएंगे। अब तक कुल 11 करोड़ 22 लाख रुपये की राशि जिले को निवेशकों को वापस दिलाई जा चुकी है।

राजनांदगांव कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा चिटफंड कंपनियों पर की जा रही कार्रवाईयों के परिणामस्वरूप अब तक 16 हजार 942 निवेशकों को रकम वापसी के माध्यम से राहत दिलाई जा चुकी है। डोंगरगांव विकासखंड में याल्स्को रियल स्टेट एण्ड एग्रो फार्मिंग लिमिटेड की ग्राम मटिया स्थित सम्पत्ति की नीलामी से प्राप्त राशि तथा अनमोल इंडिया एग्रो हर्बल फार्मिंग एवं डेयरी केयर लिमिटेड द्वारा जमा कराई गई राशि में से कुल 1 करोड़ रूपये का भुगतान जल्द ही निवेशकों को किया जाएगा। चिटफंड कंपनी शुभ साई इंडिया लिमिटेड की डोंगरगढ़ तहसील के ग्राम घोटिया में भी 10 एकड़ जमीन कुर्क की गई है। जिले में अभियान चलाकर लगातार चिटफण्ड कंपनियों के सम्पत्तियों की कुर्की,नीलामी तथा रक़म वापसी की कार्यवाही की जा रही है।

## मछली पालन से समूह हुआ आर्थिक रूप से सशक्त



**रायगढ़।** महिलाएं जो पहले घर एवं खेती-किसानी तक सीमित थी। वे आज आर्थिक रूप से सशक्त होकर घर की जिम्मेदारी उठा रही है। समूह की मेहनत को देख अन्य महिलाएं को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। महिलाओं के समूह की लगन और मेहनत ने आज एक ही नही बल्कि कई महिलाओं को आर्थिक संबल दिया है। मछली पालन से अब महिलाओं को काम मिलने के साथ आर्थिक स्थिति में बदलाव आया है।

रायगढ़ विकास खण्ड के ननसिया के पनखत्ती तालाब में किरण मछुआरा समूह को मछली पालन के लिए दस साल के पट्टे पर आबंटित किया गया है। जिसमें महिला समूह द्वारा 10 हजार रोहू, कतला एवं मृगल मछली बीज का संचयन किया जा रहा है। जिसमें विभागीय योजना के अन्तर्गत 50 प्रतिशत का अनुदान प्राप्त हुआ। समूह में 18 महिलाएं जुड़ी हुई है। समूह की महिलाओं द्वारा तालाब की साफ-सफाई कर, मछली बीज का संचयन किया गया। इसमें समय -समय पर आहार एवं खाद डाला जाता है। इसके साथ ही नियत समय में जाल चलाया जाता है, जिससे मछलियों की आकार में वृद्धि अच्छी हो सके। महिलाओं के परिश्रम के फलस्वरूप जून माह में 15 क्विंटल मछली निकाला गया है। जिससें महिला समूह को 01 लाख 65 हजार रूपए की आमदनी हुई। तालाब से आगामी दिनों में लगभग 15 क्विंटल मछली निकाला जा सकता है। इससे समूह को संभावित 1 लाख 50 रूपए की आमदनी होगी। जिससे समूह को अच्छा लाभ और प्रोत्साहन मिला। समूह की महिलाओं ने अपनी मेहनत को यही पर विराम नहीं दिया। महिलाओं ने समूह को अधिक सशक्त बनाने के लिए कुछ महिलाओं द्वारा मशरूम उत्पादन और गोठान में वर्मी खाद निर्माण का कार्य भी किया जा रहा है। जिससे समूह की आय में वृद्धि होने के साथ महिलाओं को अधिक लाभ मिल सकेगा।

## 20 करोड़ रूपए की सिंचाई परियोजना स्वीकृत

**» पन्द्रह हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बढ़ेगी सिंचाई सुविधा**



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन ने नौ सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण एवं सुधार कार्यों के लिए 20 करोड़ 95 लाख 62 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। योजनाओं के पूरा होने से पन्द्रह हजार एक सौ छैसठ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

बिलासपुर जिले के विकासखण्ड बिल्हा के अंतर्गत अरपा नदी पर कछार के पास डाईक निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 66 लाख 86 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। अरपा नदी पर कोनी के पास डाईक निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 44 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। कुआपाली जलाशय योजना के शीर्ष कार्य, नहर रिमॉडलिंग एवं लाईनिंग कार्य के लिए दो करोड़ 69 लाख 87 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 194 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

जांजगीर-चांपा जिले के विकासखण्ड बम्हनीडीह की सोन नदी पर सोनियापाट एनीकट योजना के लिए चार करोड़ 92 लाख 54 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 115 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। जांजगीर-चांपा जिले के हसदेव बांगो परियोजना के चांपा शाखा नहर से सोंठी माईनर एक में आर.डी. 300 मी. से 750 मी. के मध्य सुरक्षावाल का निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 73 लाख 19 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 120 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड सक्ती के देवरीपाली जलाशय योजना के नहर में सी.सी. लाईनिंग दो कि.मी. एवं पक्के कार्यों में सुधार एवं पुनर्निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 50 लाख 54 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 209 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड पामगढ़ अंतर्गत डोंगाकोहरौद वितरक नहर के आर.डी. 0 कि.मी. से 17.88 कि.मी. तक क्षतिग्रस्त लाईनिंग, स्ट्रक्चर एवं बैंको का नवीनीकरण कार्य के लिए दो करोड़ 76 लाख 73 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 14082 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

मुंगेली जिले के विकासखण्ड लोरमी अंतर्गत कन्हैया नाला जलाशय के शीर्ष कार्य जीर्णोद्धार, मुख्य नहर एवं शाखा में सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग कार्य के लिए दो करोड़ 32 लाख 67 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 217 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। गब्दा जलाशय के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार, मुख्य नहर एवं शाखा नहरों में सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग कार्य के लिए दो करोड़ 32 लाख 78 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना के पूरा होने से 229 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

## सट्टा पट्टी लिख रहे आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा

**कवर्धा (आरएनएस)।** कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह के द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने थाना चौकी क्षेत्र में चोरी, नकबजनी, अवैध शराब, अवैध गांजा परिवहन एवं जुवा तथा सट्टा के अपराधों को अंजाम देने वाले आरोपियों पर सख्त कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मति मनीषा ठाकुर रावटे तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया नरेन्द्र कुमार बेंताल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुंण्डा निरीक्षक बी.पी. तिवारी के कुशल नेतृत्व में चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक रघुवंश पाटिल के द्वारा आज दिनांक 22/12/2021 को दौरान देहात भ्रमण के ग्राम प्राणकापा में आरोपी देवदास पिता छेदीलाल मानिकपुरी उम्र 30 साल सा. प्राणखैरा चौकी दामापुर थाना कुंण्डा को देहान में आम जगह पर अवैद्य धन लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से हार जीत का दांव लगाकर सट्टा खिला रहा था। जिसे रंगे हाथों पुलिस टीम के द्वारा धर दबोचा गया। गवाहों के समक्ष आरोपी के कब्जे से 550/ रुपये नगद एवं 5000/रुपये का दांव लगाकर सटटा पट्टी एवं 01डॉट पेन पुलिस टीम के द्वारा जप्त कर उचित वैधानिक कार्यवाही कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी दामापुर स.उ.नि. रघुवंश पाटिल, आर. 493 हिरेष सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## दिव्यांगों के टी-20 चैंलेंजर ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी विल्सन जाटवर का चयन



**रायपुर (आरएनएस)।** फिजिकली चैलेंज्ड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीसीसीएआई) द्वारा आयोजित टी-20 चैलेंजर ट्राफी (हॉप कप) फॉर फिजिकल चैलेंजड 2021 में छत्तीसगढ़ से एकमात्र अस्थि बाधित दिव्यांग खिलाड़ी विल्सन जाटवर का चयन बल्लेबाज के रूप में हुआ है। समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने विल्सन को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

टी-20 चैलेंजर ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता पंजाब के चंडीगढ़ स्थित ताऊ देवी लाल क्रिकेट स्टेडियम पंचकुला में आगामी 28 से 31 दिसम्बर तक आयोजित की जाएगी। दिव्यांगों के लिए आयोजित टी-20 चैलेंजर ट्राफी में देश के चार जोन की टीमें खेलेंगी। जिसमें विल्सन ईस्ट जोन से खेलेगें। इनमें से उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले खिलाड़ी का चयन दिव्यांगजन के भारतीय टीम के लिए किया जायेगा।

जांजगीर-चांपा जिले के बासिन निवासी विल्सन जन्म से ही दिव्यांग है। उन्होंने सामान्य बच्चों के साथ क्रिकेट खेलते हुए वाराणसी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। विल्सन जाटवर के प्रोत्साहन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिला प्रशासन द्वारा क्रिकेट किट प्रदान किया गया है जिसमें उन्हें बैट, बाल, पैड, हैलमेट, जूता सहित ट्रेकसूट दिया गया है । विल्सन ने बताया कि उनके पैर में 40 प्रतिशत अक्षमता है जिससे उन्हें खेलने में दिक्कत तो होती है, लेकिन शौक और हौसले से वह निरन्तर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ सहित उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में क्रिकेट प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। उनका सपना अच्छे प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करने का है।

## पढ़ई तुंहर दुआर में हमारे नायक चुनी गई शिक्षिका ओमकुमारी

**» अनुभव अवधारणाओं के माध्यम से छात्र-छात्राओं में ज्ञान के सृजन का सराहनीय प्रयास किया**

**» बच्चों के बहुमुखी विकास पर जोर देती है शिक्षिका**



**रायगढ़।** शासकीय प्राथमिक शाला शंकरपाली, संकुल केन्द्र पुसल्दा, विकासखण्ड पुसौर जिला-रायगढ़ में सहायक शिक्षिका एलबी के रूप में कार्यरत श्रीमती ओमकुमारी पटेल पढ़ई तुंहर दुआर कार्यक्रम अंतर्गत हमारे नायक चुनी गई हैं।

उल्लेखनीय है कि श्रीमती ओम कुमारी पटेल ने बच्चों को अनुभव आधारित शिक्षा देने व स्वयं अवलोकन कर सीखने के लिए ग्रामीण कृषि परिवेश में भ्रमण तथा अध्यापन के जरिए अनुभव आधारित शिक्षा देने का प्रयास किया। जिनके प्रयास से बच्चों ने किसान द्वारा निर्मित नेट हाउस के जरिए किस प्रकार अलग-अलग खेती द्वारा फल एवं सब्जियों के उत्पादन किया जाता है, इसका प्रत्यक्ष पर्यावरणीय अनुभव प्राप्त किया। शिक्षिका श्रीमती ओम कुमारी के इस सराहनीय प्रयास के जरिए जहां छात्र-छात्राओं ने नेट हाउस में लगे सब्जियों का अवलोकन किया वहीं नेट हाउस के महत्व व इसके जरिए किसानों को होने वाले लाभ से भी अवगत हुए। छात्र-छात्राओं ने स्वयं अवलोकन कर अनुभव प्राप्त करते हुए कृषि व्यवसाय से संबंधित ड्रिप सिस्टम के बारे में भी बहुत ही गहराई के साथ समुचित जानकारी प्राप्त की और जाना किया हम पानी के महत्व को समझते हुए पानी को कैसे बचा सकते हैं। शिक्षक एक माली के रूप में ना केवल पौधों की तरह विद्यार्थियों को पोषित करता है बल्कि उन्हें एक बेहतर मनुष्य के रूप में संस्कार रूपी पुष्प खिलाकर गुणों की महक देता है हमारे सामाजिक और मानसिक स्तर को बेहतर बनाने में शिक्षक का बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसी बात को चरितार्थ करते हुए श्रीमती ओम कुमारी पटेल ने छात्र-छात्राओं में अनुभव अवधारणाओं के माध्यम से इसे संज्ञान के रूप में और भाषा के माध्यम से ज्ञान के सृजन का प्रयास किया है। इनका मानना है कि सैद्धांतिक समझ के बावजूद बच्चों के मन में कौतूहल से बने रहती है किन्तु अनुभव अवधारणाओं के माध्यम से बच्चों में ज्ञान का सृजन होता है और बच्चे अपनी ज्ञान की संरचना स्वयं करते हैं। विकासखण्ड पुसौर की सहायक शिक्षिका एलबी श्रीमती ओम कुमारी पटेल के हमारे नायक चुने जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ आर.पी.आदित्य, डीएमसी समग्र शिक्षा रमेश देवांगन ने इस कार्य के लिए ओमकुमारी पटेल को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

**कैसे होता है नायक का चयन–** छत्तीसगढ़ शासन की वेबसाइट सीजी स्कूल डॉट इन जो कोरोना कॉल में ऑनलाइन कक्षा अध्यापन की सुविधा दी गई थी, उसमें विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रहे शिक्षकों का प्रस्ताव राज्य के सभी जिलों से मंगाया जाता है फिर प्राप्त प्रस्ताव में से बेहतर प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों का चयन प्रतिदिन किया जाकर वेबसाइट में प्रसारित किया जाता है, शिक्षकों का चयन राज्य स्तरीय टीम के द्वारा किया जाता है।'

**क्या कहती हैं श्रीमती ओमकुमारी पटेल–** मैं हमेशा अपने अधिकारियों की प्रेरणा व उनके निर्देशानुसार काम करती रही हूं। इस कार्य में हमारे एपीसी समग्र शिक्षा भुवनेश्वर पटेल, पुसौर बीईओ दिनेश पटेल, बीआरसी सुश्री ज्योति श्रीवास्तव, निरंजन पटेल, आशीष रंगारी मेरे प्रेरणा स्त्रोत रहे। जिनसे मुझे सतत् मार्गदर्शन व प्रेरणा प्राप्त हुई। हमारे नायक चुने जाने पर मुझे एक सुखद अनुभूति हुई। मेरा मानना है कि जब आपको आपके कार्य क्षेत्र में आपके किए गए प्रयासों व कार्य के लिए प्रशंसा पहचान मिलती है तो निश्चित रूप से और भी अधिक सतत् कार्य करने की प्रेरणा और ऊर्जा प्राप्त होती है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480